सार-समाचार

## पद्मश्री प्रेमजीत बारिया उदयपुर में



**उदयपुर, (कासं)।** पद्मश्री प्रेमजीत बारिया बुधवार को लेकसिटी के दौरे पर रहे। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के बुलावे पर लेकसिटी पहुंचे बारिया ने बागोर की हवेली और सूचना केन्द्र का दौरा किया और केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रम पर विशिष्ट चचाएं की। बारिया ने कहा कि निष्छल और कोमल भावनाओं वाले बच्चों के माध्यम से संस्कृति के आदान-प्रदान का लक्ष्य बेहद आसान तरीके से हासिल हो सकता है। बारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशाओं के अनुरूप युवाओं और बच्चों के माध्यम से देशभर में कला व संस्कृति के आदान-प्रदान की मुहिम चल रही है। खुद बारिया ने अब तक दीव में 'बाल भवन' के माध्यम से देशभर के कई बच्चों को दीव और दीव के बच्चों को देश के विभिन्न राज्यों की यात्रा कराते हुए संस्कृति व कला के आदान-प्रदान की उदात्त पहल की है। उन्होंने बताया कि दीव के बाल भवन में हिमाचल के बच्चें गुजराती डांडिया और पोर्चुगी डांस को खीखा हैं और हिमाचल के लोकनृत्यों को वहां के बच्चों को सीखाया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत हिमाचल के मण्डी में दो प्रशिक्षण कार्यक्रम, आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में स्कूल ऑफ थियेटर नाद के साथ तथा कर्नाटक के सिमोगा जिले में प्रशिक्षण आयोजित हो चुके हैं। दीव के बाल भवन के डायरेक्टर के रूप में कार्य कर रहे बारिया ने कहा कि बाल भवन बच्चों की प्रतिभाओं को तराशने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में एकमात्र बाल भवन जयपुर में है। गुजरात के कई जिलों के साथ दीव, दमन और दादरा नगर हवेली में बाल भवन है। सरकार और हमारा प्रयास है कि हर जिले में बाल भवन हो ताकि बच्चों को कला से जोड़े और उनकी प्रतिभाओं को तराशें। उन्होंने बताया कि हमारे यहां बाल भवन में 6 से 18 वर्ष उम्र के बच्चे साल भर बच्चे अपनी पसंद की कला को सीखते हैं। बारिया ने सुबह बागोर की हवेली और यहां के संग्रहालय का दौरा किया और यहां प्रदर्शित विषयवस्तु की सराहना की। इसी प्रकार शाम को सूचना केन्द्र पहुंचे बारिया ने जवाहर कला केंद्र की तर्ज पर विकसित किए जा रहे ओपन थियेटर, पुस्तकालय और वाचनालय का अवलोकन किया। संयुक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा ने केन्द्र द्वारा कला व कलाकारों के संरक्षण-संवधर्न के साथ युवाओं को संदर्भ सामग्री मुहैया करवाने की मुहिम के बारे में बताया। पद्मश्री प्रेमजीत बारिया ने बुधवार को अपने उदयपुर प्रवास के तहत गुरुवार को आज विद्याभवन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सहित धार और वरड़ा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों का दौरा कर विद्यार्थियों से संवाद किया।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के वरदा थाना क्षेत्र के डोजा गांव में गुरुवार देर शाम को पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर आंतरी चौकी प्रभारी संतोष कुमार मय जाप्ता मौके पर पहुंचे तथा शव को जिला अस्पताल में मोर्चरी में रखावाया गया। पुलिस ने मृतक की पहचान सागवाडा के कोपडा निवासी बाबूलाल उर्फ पप्पू पुत्र नारिया डेडोर के रूप में की तथा शव को जिला अस्पताल मोर्चरी रखवाया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक बाबूलाल उर्फ पप्पू डेंडोर सागवाडा से बाइक लेकर डूंगरपुर की ओर जा रहा था। रास्ते में डोजा गांव के निकट डूंगरपुर की ओर से आ रही पीकअप गाडी ने बाइक को टक्कर मारने से मौके पर मौत हो गई। वहीं टक्कर के बाद पीकअप सडक किनारे पलट गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक और पीकअप को जब्त कर चौकी खडा करवाया गया है। शुक्रवार सुबह मृतक के परिजनों के आने के बाद पोर्ट मार्टम की कार्यवाही की जाएगी।

## अष्टांग योग शिविर 27 दिसंबर से

**डूंगरपुर, (निसं)।** ।व्यास आश्रम,दामडी में साप्ताहिक आध्यात्मिक अष्टांग योग शिविर आगामी 27 दिसम्बर से 2 जनवरी 2०25 तक प्रतिदिन प्रात: 7 से प्रात: 8.3० बजे तक चलेगा। आश्रम के संस्थापक व निदेशक ब्रह्मर्षि पं.विद्याशंकर व्यास गोर ने बताया कि यह शिविर नि:शुल्क रखा गया है तथा 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक साधक व साधिकाओं का पंजीयन किया जाएगा। शिविर व्यास आश्रम, दामडी चितराटी में आयोजित होगा। 15 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुष व महिलाऐं भाग ले सकते हैं।

## छात्रा की मौत, तीन घायल

**डूंगरपुर, (निसं)।** बाइक की टक्कर से छात्रा की मौत हो गई। वहीं तीन घायल हो गई। कॉलेज जाने के लिए सड़क पार करते समय हादसा हो गया। घायल छात्राओं को सीमलवाडा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं शव को मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। हादसा गुरुवार सुबह डूंगरपुर के धम्बोला थाना क्षेत्र के धम्बोला गांव के पास हुआ।धंबोला थानाधिकारी ने बताया कि भीलवा पंचेला निवासी हेमलता पुत्री धनपाल कटारा, बांसिया निवासी भावना पुत्री शिवलाल कोटेड, छाया पुत्री किशन अहारी और मेवडा गांव निवासी अनीता पुत्री कालूराम ननोमा धम्बोला स्थित एक निजी कॉलेज की छात्रा है। गुरुवार सुबह चारों बस में बैठकर कॉलेज आ रही थी। छात्राएं बस से नीचे उतरकर कॉलेज जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। इस दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने चारों छात्राओं को टक्कर मार दी। हादसे में हेमलता कटारा की मौत हो गई, जबकि भावना, अनीता और छाया घायल हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद आरोपी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची। घायलों को सीमलवाड़ा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## चूहे मारने वाली दवा खाकर दी जान

**डूंगरपुर, (निसं)।** एक युवक के परिजनों ने शादी के लिए मना किया तो युवक ने चूहे मारने की दवा खाकर आत्महत्या कर ली। युवक उत्तरप्रदेश के बलरामपुर का रहने वाला था। वह अपने भाइयों के साथ डूंगरपुर में तीन साल से पीओपी का काम रहा था। मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली थाना एसआई ने बताया कि कृष्ण कुमार भारती निवासी भटुआ शंकर नगर थाना गैसड़ी जिला बलरामपुर उत्तरप्रदेश ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने भाई कुलदीप, संदीप, मंदीप और संजय के साथ तीन साल से डूंगरपुर में रहता है। वह डूंगरपुर में पीओपी का काम करता है। संदीप अपने ही गांव की एक लड़की से फोन पर बात करता था और उससे शादी करना चाहता था, लेकिन लड़की के परिवार वालों ने शादी करवाने से मना कर दिया। इससे संदीप डिप्रेशन में चला गया। इसके बाद वह गुमसुम रहने लगा। डिप्रेशन के कारण बुधवार को उसने चूहे मारने की दवा खा ली। तबीयत बिगड़ने पर उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

## जागरूकता रैली निकाली

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर आयोजित संभाग स्तरीय रोवर रेंजर राज्य पुरस्कार जांच शिविर में 100 से अधिक रोवर रेंजर सहभागिता कर रहे हैं। संभागियों ने जल संरक्षण अभियान के तहत जल ही जीवन है पानी को व्यर्थ ना करे, जिस स्थान पर पानी नहीं है वहां की सभी तरह की खुशहाली खत्म हो गई विषयों को लेकर जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली को रेखा शर्मा और सीओ स्काउट दीपेश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीओ स्काउट डॉ दीपेश शर्मा ने बताया कि राज्य पुरस्कार रोवर और रेंजर टेस्ट कैंप में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को आगामी 22 फरवरी को राज्यपाल के सानिध्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। इस अवसर पर जितेंद्र यादव, वैशाली कलाल, रितिक सुथार, अक्षय पटेल, मनीष पटेल, करण बाथम, हेमन यादव एवं रोवर रेंजर सिमरन थमीर, विष्णु निनामा, छायांश ने सहयोग प्रदान किया।

# राजसमंद में बाल विवाह रोकथाम के लिए किया जागरूक

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जतन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में बाल विवाह रोकथाम अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन कर

■ **बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन**




**जिला प्राधिकरण की ओर से आयोजित जागरूकता शिविर में बाल विवाह रोकथाम के लिए किशोरियों को जागरूक करते एलएडीसी असिस्टेंट ऋतु शर्मा।**

खमनोर ब्लॉक में अध्ययनरत किशोरियों को न्यायालय का दौरा करवा कर विधिक जानकारी प्रदान की गई।

प्राधिकरण अध्यक्ष काछवाल ने किशोरियों को न्यायालय की प्रक्रिया से अवगत करवाकर विभिन्न कानूनों से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की। प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष साप्ताहिक अभियान चलाया गया, जिसमें अधिकाधिक आमजन तक बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी प्रदान कर जागरूकता फैलाई गई। विशेष जागरूकता शिविर में एलएडीसी असिस्टेंट ऋतु शर्मा ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 से सम्बन्धित जानकारी देकर किशोरियों के विभिन्न सवालों के जवाब दिए गए। प्राधिकरण के वरिष्ठ सहायक हेमन्त पालीवाल ने लोक अदालत, मध्यस्थता कानून, नि:शुल्क विधिक सहायता, पॉश एक्ट, वृद्धजनों के लिए कानूनी अधिकार, चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर, नालसा पोर्टल हेल्पलाईन नम्बर आदि जानकारी प्रदान की। किशोरी समूह को सम्पूर्ण न्यायालय कक्षों का दौरा करवाकर न्यायिक प्रक्रिया के अवगत करवाया गया।

## खो-खो टीम का चयन आज

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती भावा पंचायत के डूमखेडा चौराया स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में खो-खो टीम का चयन शुक्रवार को किया जाएगा। खो खो टीम प्रभारी सुनीता गोदारा ने बताया कि डॉ मुकेश कुमार मेनारिया की मौजूदगी में कन्या महाविद्यालय की खो-खो टीम का चयन होगा, जो आगामी 26 से 27 नवंबर तक लॉ कॉलेज उदयपुर में एमएलएसयू की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इससे पहले गुरुवार को खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी छात्रा खिलाडियों का ट्रायल लिया गया, जिसमें छात्रा खिलाडियों ने जमकर पसीना बहाया।

# सदस्यता अभियान पर की चर्चा

**डूंगरपुर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन महापर्व अभियान के तहत डूंगरपुर नगर मंडल की कार्यशाला भाजपा कार्यालय पर आहुत हुई।

नगर महामंत्री अनुराग कटारा ने बताया कि नगर प्रभारी राजेश पाटीदार, प्रवीण रोत सह प्रभारी के आतिथ्य एवं नगर अध्यक्ष दिलीप जैन की अध्यक्षता में कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर संपन्न हुई। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं संगठन महापर्व के सह जिला प्रभारी प्रभु पंड्या, उपसभापति सुदर्शन जैन, जिला महामंत्री धनपाल जैन,प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अनिल पटेल की विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में संगठन को मजबूत करने एवं सदस्यता अभियान सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। संगठन महापर्व नगर प्रभारी राजेश पाटीदार ने कहां कि सर्वप्रथम संगठन को मजबूत करने के लिए हम सभी को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा। बूथ पर बूथ अध्यक्ष बूथ समिति का निर्माण करना होगा। बूथ पर मन की बात कार्यक्रम, लाभार्थी संपर्क,जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाकर आमजन को संगठन से जोडना होगा। प्रवीण रोत ने बताया कि पूर्व में भी भाजपा के लिए बूथ अध्यक्ष ने अच्छा कार्य किया है लेकिन नए कार्यकर्ता को सर्वमान्य सर्वसम्मति से मौका मिलना चाहिए। संगठन में परिवर्तन होने से लाभ मिलता है।नगर अध्यक्ष दिलीप जैन ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान कार्यक्रम को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों तरीकों से चलाया जा रहा है, जिसमें प्राथमिक सदस्यों को अपने अपने बूथ से 50-50सदस्य अवश्य बनाने होंगे तब वह सक्रिय सदस्य के लिए तैयार होगा।

पूर्व जिलाध्यक्ष एवं संगठन महापर्व जिला सह प्रभारी प्रभु पंड्या ने बताया कि प्रत्येक बूथ समिति में 3 महिलाओं का होना आवश्यक हैएप्रत्येक शक्तिकेंद्र पर मंडलों में शक्ति केंद्र सहयोगी बनाए जाना है तथा बूथ संरचना करते हुए सभी बूथ अध्यक्षों को अपनी अपनी इकाइयों का गठन करना होगाएजिसमें 11 सदस्य टीम बनाई जाएगी एवं प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यता अभियान की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2024 निर्धारित की गई है।

# अधिशेष प्रबोधकों का समायोजन करने की मांग

**डूंगरपुर, (निसं)।** माध्यमिक विद्यालयों में पद सृजित कर अधिशेष प्रबोधकों का समायोजन करने की मांग को लेकर अखिल राजस्थान प्रबोधक शिक्षक संघ जिला शाखा डूंगरपुर द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा गया।



**अधिशेष प्रबोधकों का समायोजन करने की मांग को लेकर प्रबोधक संघ जिला कलक्टर को ज्ञापन सौपने जाते।**

संघ जिलाध्यक्ष रविन्द्रसिंह ददोडिया के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में बताया कि राजस्थान शिक्षा निदेशक प्रारंभिक व माध्यमिक के 14 नवंबर 2024 के आदेश अनुसार प्रबोधक, वरिष्ठ प्रबोधक एवं प्रबोधक शारीरिक शिक्षक के समायोजन की प्रक्रिया का अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ विरोध करता है। राज्य सरकार द्वारा प्रबोधक, वरिष्ठ प्रबोधक व प्रबोधक शारीरिक शिक्षकों के माध्यमिक विद्यालयों में बगैर पद स्वीकृत करें ही उनकी समायोजन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है जो अनुचित है। सरकार अधिशेष कार्मिकों के समायोजन से पूर्व डीपीसी और 6 क् की प्रक्रिया पूर्ण करें, इसके पश्चात ही समायोजन करें जिससे प्रबोधकों का समायोजन उसी ग्राम पंचायत में हो सके। साथ ही पूर्व में डीपीसी होने के बाद भी वरिष्ठ प्रबोधकों को अभी तक प्राईमरी विद्यालय में ही लगाया गया है, उन्हें अधिशेष मानते हुए उच्च प्राथमिक या माध्यमिक विद्यालय में समायोजन किया जावे। उन्होंने बताया कि शेष रहे वरिष्ठ प्रबोधकों की पात्रता सूची जारी होने के बाद भी अभी तक डीपीसी के आदेश जारी नहीं हुए हैं। सूची जारी कर पदस्थापन हेतु आदेश जारी करवाएं जावे। संगठन ने ज्ञापन में सरकार द्वारा इन सभी मांगों की त्वरित कार्रवाई नहीं किए जाने पर आगामी दिनों में धरना प्रदर्शन कर विरोध करने की चेतावनी दी है। प्रतिनिधि मंडल में हरीश पांडे, जसवंतसिंह राठौड, उमेश द्विवेदी, महेंद्रसिंह चौहान आदि सम्मिलित थे।

## शिशु देखभाल सप्ताह का समापन

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजकीय महात्मा गांधी चिकित्सालय में 15 से 21 नवम्बर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह का समापन आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर के शिशु बाल रोग विशेषज्ञ एसोसिएट प्रो व एसएनसीयू बांसवाडा के मेंटर डॉ. बीएल मेघवाल के मुख्य आतिथ्य, प्रमुख चिकित्सा धिकारी डॉ खुशपाल सिंह राठौड की अध्यक्षता तथा विभागाध्यक्ष डॉ रंजन चरपोटा की सह अध्यक्षता में हुआ।

डॉ. मेघवाल ने बताया कि नवजात में मौत का मुख्य कारण शिशु का समय से पूर्व जन्म होना व संक्रमण हैं। उन्होंने बताया कि नवजात शिशु की सही देखभाल व पोषण के साथ ही संक्रमण को रोकने के लिए हाथ धोने की 6 स्टेप संबंधी प्रक्रिया को अपनाकर भर्ती नवजात के परिजन में जागरूकता लाकर नियंत्रित किया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि शिशु के जन्म होते ही उसे मां की छाती पर रखना हैं जिससे बच्चा खिसक कर मां के स्तन ढूंढेगा, इससे मां का दूध जल्दी से आने लगेगा और वह शिशु को जल्दी से जल्दी पहला पीला गाढा दूध पिला पाएगी।

# 'अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में युवा पीढ़ी निभाए भागीदारी'

**बांसवाड़ा, (निसं)।** भारत के विकास में युवाओं की बढ़ती भागीदारी ने देश मे ही नही विदेश में भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने उपस्थित युवाओं से अपील करते हुए कहा की अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में युवा पीढी अपनी भागीदारी निभाए यह बात गुरुवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, डूंगरपुर द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 20 नवम्बर से बांसवाडा के पृथ्वी क्लब सभागार में चल रही विकसित भारत2047 प्रदर्शनी के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए

■ **विकसित भारत 2047 प्रदर्शनी को देखने उमड़ी भीड़**




**विकसित भारत 2047 प्रदर्शनी में उपस्थित बच्चे।**

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल लाल स्वर्णकार ने कही।

दूसरे दिन के प्रथम सत्र में सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी डॉ रूचि खेडिया ने पालनहार, कन्यादान, मुख्यमंत्री अनुप्रीत निशुल्क कोचिग योजना एवं सहित अनेक विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी लोकेश बुनकर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना, ई-नाम आदि योजनाओं के बारे मे जानकारी दी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ वनिता त्रिवेदी ने आयुष्मान भारत एवं टीकाकरण, मौसमी बीमारियों के अलावा स्वास्थ्य विभाग से जुडी हुई अनेक योजनाओं के बारे मे बताया। दूसरे सत्र में भारतीय डाक विभाग के पोस्ट मास्टर मनमोहन सिंह ने सुकन्या समृद्धि योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षक रैना गुप्ता ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं राष्ट्रीय पोषण मिशन के बारे जानकारी दी। तीसरे सत्र में विश्व वेव्स शिखर सम्मेलन एवं इंटर्नशिप स्कीम तथा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग पर संगोष्ठी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी योगेश चारण ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के बारे मे बताते हुए कहा कि इस साल राष्ट्रीय युवा महोत्सव को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के रूप में मनाया जा रहा है। विश्व ऑडियो विजुअल शिखर सम्मेलन के बारे मे बताते हुए शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ हितेश चन्द्र स्वर्णकार ने कहा कि देश मे पहली बार विश्व ऑडियो विजुअल शिखर सम्मेलन का गोवा में आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न विषयों पर मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया की प्रदर्शनी में कृषि विभाग, जिला परिषद, भारतीय डाक विभाग, जिला अग्रणी बैंक, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

सार-समाचार

## आबादी क्षेत्र में लगे कचरे के ढेर



**कानोड़, (निसं)।** नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते आबादी क्षेत्र में लगाए जाने वाले कचरे की ढेर जहां आमजन की मुसीबत बन गए हैं तो वहीं इन कचरे के ढेर से पॉलिथीन खाकर नीरह पशु बीमार हो रहे हैं, लेकिन इस ओर पालिका प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है । नगर पालिका कार्यालय के बाहर देखो या फिर चिकित्सालय के बाहर सड़क मार्ग पर जहां से हर रोज स्कूली छात्र के साथ ही राहगीर नाक भींचकर निकलने को मजबूर हैं । पास रहने वाले लोगों का कहना है कि पालिका के कर्मचारी कचरा ही नहीं यहां पर मृत जानवरों को लाकर भी डाल रहे हैं, जिससे उठती दुर्गंध से आस-पास रहने वाले लोग काफी परेशान है ,नगर पालिका कार्यालय के बाहर आबादी क्षेत्र में डाले जाने वाले कचरे को अन्य स्थान पर डालने को लेकर कई बार नगर पालिका को शिकायत की लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। चिकित्सालय परिसर से निकलते ही बाहर दिन में 11:00 बजे तक कचरा सड़कों पर फैला रहता है जिसको उठाने वाला तक कोई नहीं है। कचरा संग्रहण टेंपो भी समय से कचरा नहीं उठा रहे हैं, नहीं कचरा पात्र को कचरे से खाली किया जा रहा है, जिससे लोग कचरा पात्र के बाहर कचरा डालकर दूसरे लोगों को भी परेशान कर रहे हैं । हालत यह है कि जिन कचरा संठाहण वाहन से कचरा उठाया जा रहा है ,उस कचरा भी नहीं ढकने की वजह से कचरा गली मोहल्ले में उड़ रहा है , जिससे शहर में और गंदगी हो रही है। आमजन की सुविधाओं को देखते हुए नगर पालिका द्वारा लाखों के खर्च के बाद बनाए गए सुलभ शौचालय सफाई के अभाव में दम तोड़ने लगे हैं , ना टाइम से सफाई हो रही है न ही आवश्यक संसाधन आधुनिक शौचालय में उपलब्ध है जिससे सुविधा प्राप्त करने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। जबकि उक्त शौचालय पर हर महिने लाखों रुपए खर्च करने के आरोप बीते दिनों लगे थे जिस पर एसडीएम रमेश बहेड़िया ने रिकॉर्ड की जांच की और इस आरोप को सही बताया था। लेकिन व्यर्थ में खर्च होने वाली सरकारी राशि को लेकर ना तो कोई जांच हुई नहीं जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अधिकारियों ने ध्यान दिया जिससे हालात जस के तस बने हुए हैं।

## 2.80 लाख की शराब पकड़ी



**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने रतनपुर बॉर्डर पर एक कंटेनर से 2 लाख 80 हजार की महंगी शराब को जब्त की है। वहीं, कंटेनर ड्राइवर सहित 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्लास्टिक के गमलों की आड में हरियाणा से शराब तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बिछीवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि रतनपुर बॉर्डर पर नाकेबंदी की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर के जरिये शराब तस्करी की सूचना मिली, जिस पर उदयपुर की ओर से आ रहे एक कंटेनर को रुकवाया गया। ड्राइवर से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम दिल्ली निवासी नागिंदर राय और उसके साथी ने अपना नाम हरियाणा निवासी मुकेशसिंह बताया है। ड्राइवर से कंटेनर में सामान के बारे में जानकारी ली तो उसने कंटेनर में प्लास्टिक के गमले होना बताया, जिस पर पुलिस ने कंटेनर की तलाशी ली तो कंटेनर में महंगे ब्रांड की शराब के कार्टन छिपाकर रखे हुए थे। पुलिस ने कंटेनर से महंगी ब्रांड के सात कार्टन शराब बरामद किए। वहीं, आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 2 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है।

## खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर ब्लॉक के पीईईओ कांकरादरा अंतर्गत राप्रावि कांकरादरा में मंगलवार से आयोज्य 68 वीं जिला स्तरीय प्राथमिक स्तर 11 वर्षीय छात्र-छात्राओं की खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। समापन समारोह जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा रणछोडलाल डामोर के मुख्य आतिथ्य, कार्यवाहक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डूंगरपुर विमल साद की अध्यक्षता एवं पर्यवेक्षक व प्रधानाचार्य राउमावि घाटा भंडारिया विक्रम पुरोहित, पीईईओ कांकरादरा लालशंकर बरंडा, संदर्भ व्यक्ति रितेश जोशी, जिला खेल प्रकोष्ठ प्रभारी रमेशचंद्र रोत, शारीरिक शिक्षक संघ अध्यक्ष मगनलाल यादव व मुख्य निर्णायक प्रवीण खराडी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रारंभ में मेजबान विद्यालय के संस्था प्रधान रामलाल यादव ने स्वागत भाषण दिया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन कबड्डी छात्र वर्ग में झौंथरी ब्लॉक प्रथम एवं साबला द्वितीय रहे। सर्वश्रेष्ठ खिलाडी भगवतीलाल बरगोट साबला रहे। इसी तरह छात्रा वर्ग में झौंथरी प्रथम एवं सीमलवाडा द्वितीय रहे। सर्वश्रेष्ठ खिलाडी छात्रा वर्ग में नेहा विहात झोंथरी रही। खो खो छात्र वर्ग में बिछीवाडा प्रथम एवं डूंगरपुर द्वितीय रहे। सर्वश्रेष्ठ खिलाडी दिलीप डामोर बिछीवाडा रहे। छात्रा वर्ग में डूंगरपुर ब्लॉक प्रथम एवं दोवडा ब्लॉक द्वितीय रहा। सर्वश्रेष्ठ खिलाडी सोनम हीरात डूंगरपुर रही। इस अवसर पर समस्त भामाशाहों का आयोजक विद्यालय एवं पीईईओ कांकरादरा के तत्वावधान में अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। वहीं सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाडियों को भामाशाह के सहयोग से पुरस्कार वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सुभाष खराडी, कांजी परमार, श्यामसुंदर त्रिवेदी, देवराम नायक, गट्टूलाल रोत, नारायणलाल यादव, विजयपाल विहात, दर्शना पंड्या, लक्ष्मण लाल बरंडा, ममता यादव, सुरभि पंचाल, मैना कुमारी कटारा, शीला पद्मावत समेत अन्य मौजूद रहे।

## महारैली के लिये किया प्रचार-प्रसार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आदिवासी आरक्षण मंच अनुसूचित क्षेत्र की ओर से आगामी 24 नवंबर को निकाली जाने वाली प्रदेश स्तरीय आरक्षण महारैली के लिये ग्लोबल महाविद्यालय बडोदिया में प्रचार-प्रसार कर युवाओं से अधिकाधिक भागीदारी का आव्हान किया गया। मंच के प्रो. कमल कांत कटारा ने बताया कि कोटे में कोटा पृथक आरक्षण, जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण व पात्रता मापदंडों में पूर्ण छूट की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर संभाग मुख्यालय पर प्रदेश स्तरीय महारैली निकाली जायेगी। मंच के बलवंत सिंह मछार ने बताया कि उपवर्गीकरण के संबंध में निराधार भ्रांतियों को भी दूर किया जा रहा है। छात्रनेता दिनेश राणा ने बताया कि आरक्षण महारैली के लिए सभी दलों के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों व छात्रसंघ के संगठनों ने समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि कोटे में कोटा लागू करती है तो आजादी के बाद से पिछडे जनजाति वर्ग को मुख्य धारा में आने का अवसर मिलेगा।

## शिविर कल

**डूंगरपुर, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष श्री विजय जैन ने बताया की संस्था में एक दिवसीय ऑर्थोपेडिक ओ पी डी का नियमित शिविर23 नवंबर का रोग निदान केंद्र में लगाया जा रहा है जिसमे जी बी एच जनरल व कैंसर हॉस्पिटल उदयपुर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ सौरभ अग्रवाल नियमित ओ पी डी सेवाए संस्था में प्रदान करेंगे। दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर माह के अंतिम शनिवार व रविवार 23 एवं 24 नवम्बर को महावीर इन्टरनेशनल डूंगरपुर के रोग निदान केन्द्र,ऑडिटोरियम के सामने, नये होस्पिटल के पास डूंगरपुर में समय प्रात: 10.30 बजे से लगाया जा रहा है।

**सार-समाचार**

## बनफूल डिज़ाइन स्टूडियो का लोकार्पण



**उदयपुर,** (कासं)। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी गुरुवार को उदयपुर दौरे पर रहे। उन्होंने अशोक नगर स्थित माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरआई) में 'बनफूल' जनजाति डिजाइन स्टूडियो का लोकार्पण किया। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री खराड़ी ने कहा कि 'बनफूल' जनजाति डिजाइन स्टूडियो की स्थापना जनजाति कला को संरक्षण एवं संवर्धन किए जाने की दृष्टि से की गई है। यह स्टूडियो पारंपरिक जनजातीय कला और डिजाइन को मंच प्रदान करता है, साथ ही यह स्टूडियो पारंपरिक जनजाति कला से प्रेरित समकालीन परिधानों, घरेलू सामान, वस्तुओं को डिजाइन करने में सहयोगी बनेगा। केबिनेट मंत्री खराड़ी ने कहा कि 'बनफूल' जनजाति डिजिटल स्टूडियो जनजाति कलाकारों को सूचीबद्ध करते हुए उनके डिजाइन एवं कलाकृतियों को तैयार कर बाजार में उपलब्ध करवाएगा। यह स्टूडियो जनजातीय कला के समृद्ध भंडार को संग्रहित करने का कार्य करते हुए राजस्थान की विभिन्न पारंपरिक जनजातीय कला को संरक्षित किए जाने के माध्यम के रूप में स्थापित किया गया है। स्टूडियो पारंपरिक जनजातीय कला व नवाचारों को 'बनफूल' ब्रांडिंग के माध्यम से बढ़ावा देने के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उक्त स्टूडियो राज्य के जनजातीय कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगा जिससे उनकी कला को व्यावसायिक मंच भी मिल पाएगा। संभागीय आयुक्त एवं टीएडी आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि बनफूल जनजाति स्टूडियो माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरआई) में स्थापित किया गया है जहां यह स्टूडियो आमजन हेतु प्रात: 11 से सांय 5 बजे तक खुला रहेगा। आमजन यहां जनजाति कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों एवं डिजाइन को देख एवं निर्धारित मूल्य पर क्रय भी कर सकेंगे। लोकार्पण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त टीएडी ओपी जैन अतिरिक्त निदेशक प्रज्ञा सक्सेना, सहायक निदेशक बनवारी लाल कलाकार दिनेश उपाध्याय, उप विधि परामर्श आशु माहेश्वरी समेत जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग एवं टीआरआई के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनजातीय कलाकारों समेत आमजन उपस्थित रहे।

## साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें कहानी लेखन, कविता लेखन, कविता पाठ आशु भाषण, निबंध लेखन एवं वाद- विवाद प्रतियोगिता आदि सम्मिलित थी। संयोजक डॉ चंद्र रेखा शर्मा ने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों अपनी अभिव्यक्ति क्षमता को प्रकट करते हुए विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये तथा मानवीय संवेदनाओं से युक्त कविताओं का पाठ भी किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर बोलते हुए प्रतिभागियों ने इसके सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्ष को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिष्ठाता डॉ रेणू राठौड एवं सहअधिष्ठाता डॉ रितु तोमर ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उपलब्ध मंच सभी को भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं एवं परीक्षाओं के लिए तैयार करता है तथा विद्यार्थी अपनी छिपी हुई बहुमुखी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने में सक्षम हो पाता है। विवि चेयरपर्सन कर्नल प्रो शिव सिंह सारंगदेवोत,मुख्य सचिव डॉ महेंद्र सिंह राठौड, कुलसचिव डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड एवं प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कोमल का अवार्ड के लिए चयन

**उदयपुर,** (कासं)। मावली तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलीचड़ा की छात्रा सुश्री कोमल मेघवाल पुत्री सुरेश मेघवाल का चयन इंदिरा प्रियदर्शनी अवार्ड 2024 में एससी वर्ग मे हुआ है। संस्था प्रधान संजय बड़ाला ने बताया की इस अवॉर्ड में छात्रा को एक लाख रूपए की राशि,पुरस्कार तथा स्कूटी प्रदान की जाएगी। छात्रा ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की कक्षा 12 वी कला वर्ग में 94 प्रतिशत अंक के साथ पूरे उदयपुर जिले में एस सी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। ये सब विद्यालय के कर्मशील शिक्षकों और बालिका की मेहनत से ही संभव हो पाया। छात्रा के पिता सुरेश कुमार मेघवाल निजी विद्यालय मे अद्यापन कार्य करवाते है तथा माता गृहिणी है। पिता सुरेश कुमार मेघवाल ने बताया की छात्रा पढ़ने में बचपन से ही प्रतिभाशाली रही है तथा परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होते हुए भी कोमल पढ़ाई के साथ साथ खेतीबाड़ी व मवेशियों के काम में भी सहयोग करती है। कठिन परिश्रम करते हुए प्रतिदिन 8 से 10 घंटे पढ़ाई करते हुए यह उपलब्धि अर्जित की है।

## 31 कैडेट्स ने किया रक्तदान

**भीण्डर,** (निसं)। द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज में एनसीसी डे के तहत आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में 31 एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि 2 राज आर एण्ड वी एनसीसी रेजिमेंट नवानिया के कर्नल प्रकाश कुमार एन थे। अध्यक्षता द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज प्राचार्या डॉ. तरूथा सुथार ने की।

# उदयपुर में चेतक सर्कल का होगा कायाकल्प, शीघ्र शुरू होगा कार्य

**उदयपुर,** (कासं)। शहर में बढ़ रहे यातायात दबाव से हो रही समस्या को दूर करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा जल्द ही चेतक सर्किल को चौड़ा कर विकास कार्य प्रारंभ किया जाएगा, इसी को लेकर गुरुवार को शहर विधायक ताराचंद जैन, नगर निगम महापौर गोविंद सिंह टांक, निर्माण समिति अध्यक्ष सीए अशीष कोठारी ने निगम अधिकारी कर्मचारियों के साथ चेतक सर्कल क्षेत्र का निरीक्षण कर आपसी सहमति के साथ विकास कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

- शहर विधायक ने महापौर, निर्माण समिति अध्यक्ष के साथ किया दौरा
- चारों तरफ यातायात दबाव कम करने को लेकर लिया निर्णय



उदयपुर में चेतक सर्कल का शहर विधायक ताराचंद जैन ने महापौर के साथ दौरा किया।

नगर निगम निर्माण समिति अध्यक्ष सीए आशीष कोठारी ने बताया कि शहर में लगातार यातायात दबाव बढ़ रहा है। इसी दबाव को व्यवस्थित कर यातायात जाम जैसी समस्या दूर करने को लेकर नगर निगम द्वारा कवायद शुरू की गई है। प्रमुख स्थानों पर बोतल नेक खोलने के कार्य संपन्न होने के बाद अब चौराहे को चौड़ा करने हेतु विकास कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। इसी कड़ी में शहर विधायक ताराचंद जैन ने नगर निगम महापौर गोविंद सिंह टांक , निर्माण समिति सदस्य मनोहर चौधरी, मुकेश शर्मा, अधिशासी अभियंता अखिलेश गोयल, रितेश पाटीदार, राजस्व अधिकारी नीतीश भटनागर आदि द्वारा के साथ चेतक सर्कल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। शहर विधायक ताराचंद जैन ने बताया कि सर्कल पर हाथीपोल से फतहसागर जाने वाले मार्ग पर चेतक सर्कल के पहले बाई तरफ रोड 100 फीट के स्थान पर केवल 30 फीट का है। वहां पर कई ठेले वालों ने ठेले लगा रखे हैं, पुराने चार पहिया वाहन कई समय से वही रखे हुए हैं। उन्हें वहां से हटवा कर सड़क मार्ग को चौड़ा किया जाएगा, साथ ही शिक्षा भवन चौराहे से पहाड़ी बस स्टैंड की तरफ जाने वाले कॉर्नर पर स्थित छोटे से उद्यान का कॉर्नर हटाकर वहां पर चार पहिया एवं दो पहिया वाहन आसानी से निकाल सके ऐसी व्यवस्था लागू की जाएगी। यहां पर गुरु गोविंद सिंह स्कूल भी स्थित है जिससे छुट्टी के समय हमेशा यातायात प्रभावित रहता है एवं विद्यार्थियों के साथ-साथ शहर वासियों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह वहीं पास में रखे सरस केबिन को भी पीछे की तरफ शिफ्ट कर रोड को चौड़ा किया जाएगा। विधायक जैन ने निर्देश देते हुए कहा कि पहाड़ी बस स्टैंड से महाराणा भूपाल चिकित्सालय जाने वाले मार्ग के कॉर्नर पर स्थित उद्यान में लगे खंभों को हटाकर रोड को चौड़ा किया जाए जिससे चिकित्सालय में जाने वाले वाहन आसानी से बिना किसी रूकावट के निकल सके। निरीक्षण के दौरान शहर विधायक ताराचंद जैन ने महापौर से कहा कि शहर में यातायात समस्या एक बड़ी समस्या के रूप में उभर रही है। पर्यटन नगरी होने के कारण हमें यातायात समस्या का निराकरण अति शीघ्र करना होगा। इसको लेकर हमें कड़े निर्णय भी लेने होंगे।

## भाजपा प्रदेश आज जिले में

**बांसवाड़ा,** (निसं)। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा आज शुक्रवार को जिले में संगठनात्मक प्रवास पर रहेंगे।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय पंड्या ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष मीणा सुबह दस बजे भाजपा के वरिष्ठ नेताओ से संगठन पर्व सदस्यता अभियान पर चर्चा करेंगे वहीं 11 बजे जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सदस्यता अभियान मंडल संयोजक, सक्रिय सदस्यता मंडल सहयोगी, मंडल चुनाव सहयोगी से सदस्यता अभियान एवं संगठनात्मक चुनाव के संबंध में निर्देश देंगे।

# के.के. गुप्ता को स्वच्छता का मानद रिसोर्स पर्सन बनाया

**उदयपुर,** (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के लिए राजस्थान सरकार के प्रदेश समन्वयक के के गुप्ता को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशालय, राजस्थान राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता का मानद रिसोर्स पर्सन बनाया गया है।

निदेशालय के क्षेत्रीय निदेशक, जयपुर एस पी भटनागर के अनुसार के के गुप्ता मंत्रालय के मेरा युवा भारत और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छ भारत और विकसित भारत की कल्पना को साकार करने के लिए राजस्थान में स्वयंसेवकों का नि:शुल्क मार्गदर्शन और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों में सहयोग का काम करेंगे।उल्लेखनीय है कि के के गुप्ता भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (एनएसएससी) के गैर सरकारी सदस्य रहने के अलावा दो बार राजस्थान सरकार के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर तथा दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी बहुल अंचल के ऐतिहासिक नगर डूंगरपुर नगर परिषद के चेयरमैन रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं गुप्ता के कार्यकाल में हुए डूंगरपुर नगर के स्वच्छता कार्यक्रम की सार्वजनिक रूप से सराहना की है।

गुप्ता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र गुजरात की राजधानी गांधी नगर के आसपास गोद लिए गए पांच गांवों में भी स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत काम किया जिसकी वजह से इन गांवों को पूरे देश में पहला, तीसरा एवं पांचवां स्थान मिला।

# इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर की तैयारियां जोरों पर

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में 10 से 13 जनवरी 2025 तक होने जा रहे 11वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर की तैयारियां जोरों पर हैं। लघु उद्योग भारती उदयपुर के तत्वावधान में होने वाले इस फेयर के उद्देश्य, आयोजन की योजना और उद्योगों के लिए इसके संभावित लाभों को लेकर गुरुवार को जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल से पदाधिकारियों ने चर्चा की और जिला कलेक्टर से भी सुझाव लिए। यह फेयर दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के परिसर में होने जा रहा है।

जिला कलेक्टर पोसवाल ने इस आयोजन को शहर और राज्य के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह न केवल स्थानीय उद्योगों को नई पहचान देगा बल्कि उदयपुर के व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने जनता से इस आयोजन में भाग लेने की अपील की और एक विशेष वीडियो संदेश जारी कर 'उदयपुर उद्योग दर्पण' के माध्यम से जिले के उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए इस फेयर की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह फेयर उदयपुर के उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने में मदद करेगा। स्थानीय व्यापारियों और निवेशकों के लिए यह सुनहरा अवसर है। इस आयोजन से उदयपुर का औद्योगिक और आर्थिक परिदृश्य और मजबूत होगा। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती उदयपुर के अध्यक्ष मनोज जोशी ने फेयर के महत्व और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही सचिव कपिल सुराणा और कार्यक्रम संयोजक तरुण दवे ने फेयर की संरचना और संचालन योजना को रेखांकित किया। कलड़वास इकाई अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह राठौड़, सुखेर इकाई अध्यक्ष रोबिन सिंह आदि मौजूइ रहे।

# परिवादियों को त्वरित राहत देने के दिए निर्देश

**उदयपुर,** (कासं)। जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी परिसर में आयोजित की गई। जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) वारसिंह की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में परिवादियों की समस्याओं का सुनकर निस्तारण की प्रक्रिया की गई।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमेन्द्र नागर और नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, लोकसेवाएं सहायक निदेशक शीतल अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एडीएम सिटी ने बताया कि जनसुनवाई में 98 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से वस्तु स्थिति के बारे में जानते हुए इन प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण करने एवं परिवादियों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में मुख्यत: अतिक्रमण, कब्जा, मनरेगा, पुलिस, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम, और उदयपुर विकास प्राधिकरण से संबंधित परिवाद आए। जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को व्यक्तिगत रूप से सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवाद का निष्पक्षता के साथ समाधान किया जाए।

**सार-समाचार**

## ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। घंटाघर थाना पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ युवती को ब्लेकमेल करने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी सावलिया जी मंदिर मोचीवाड़ा निवासी मयुर राठौड़ पुत्र लालाजी तथा उसके साथी सूरज सोनी पुत्र राधेश्याम सोनी के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।जिसमें उसने बताया कि एक वर्ष पूर्व आरोपियों से संपर्क हुआ था। इस दौरान शहर में घुमने के दौरान आरोपियों ने फोटो व वीडियों तैयार कर लिए। गत दिनों आरोपियों ने खिचे गए फोटों व वीडियों जरिये ब्लेमेल करना शुरू कर दिया तथा फोटों वीडियों वायरल करने की धमकी देकर एक बार 20 हजार तथा दूसरी बार 10 हजार रूपये नकदी वसूल ले गए। गत दिनों आरोपी सूरज मुझसे एक हजार रूपये नकदी व चांदी की अंगुठी वसूल कर ले गया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। ट्रेलर की चपैट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 21 नवंबर को बैकरिया थाना क्षेत्र लुहारचा राष्ट्रीय राजमार्ग27कट पर ट्रेलर ने इंटों का खेत निवासी रावताराम (30) पुत्र लसाराम गरासिया की मौत हो गई। रावताराम बाइक पर अपनी पत्नी के साथ पिण्डवाड़ा से घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते लघुशंका के लिए रूकने पर पत्नी एकतरफ गई थी। इस दौरान पिण्डवाडा से आ रहे ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया हादसे में गंभीर घायल होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। हेडकांस्टेबल धर्मीलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप कर जांच शुरू की।

## जानलेवा हमले में दो व्यक्ति घायल

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सविना थाना पुलिस ने आरोपी व साथियों के खिलाफ दो भाईयों पर जानलेवा हमला करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 नवंबर को आरोपी सरकारी स्कूल के पिछे तीतरड़ी आम्बाफला निवासी गंगाराम पुत्र लागर तथा उसके भाई मोहनलाल पर पड़ोसी विशाल गमेती व साथी सरिये से हमला कर फरार हो गए। विशाल के घर में शादी समारोह होने से उसने अपना टेंपों कुछ दूरी पर गंगाराम के मकान के समीप खड़ा कर दिया था। इसको लेकर एतराज करने पर विशाव साथी सरिये से हमला कर फरार होगए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल को प्राथमिक उपचार करवा आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## नारायण चिल्ड्रन एकेडमी को दी बस

**उदयपुर,** (कासं)। अनइंटरप्टिबल पावर सप्लाई (यूपीएस) सिस्टम निर्माण में अग्रणी रीलो पावर इण्डिया प्रा. लि. द्वारा नारायण चिल्ड्रन एकेडमी के निर्धन बच्चों के सेवार्थ 52 सीटर बस भेंट की गई। नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि संस्थान के गुड़गांव आश्रम पर एक सादे समारोह में रीलो पावर ने अपने सीएसआर (सामाजिक दायित्व) के तहत बस की चाबी सौंपी। यह बस संस्थान द्वारा संचालित नि:शुल्क अंग्रेजी माध्यम एकेडमी के निर्धन बच्चों के अवागमन के लिए उपयोगी साबित होगी। इस दौरान डायरेक्टर जनरल, इटली, फाबियो पस्युलो, रोबर्टो फक्की, आस्कर टेम्पेरा, सीएफओ अनिल मुंजाल और चित्तरंजन चक्रा ने भी समारोह में सम्बोधित किया।


**कार्यालय नगरपालिका देवगढ जिला राजसमन्द (राज0)**

कमांक/न.पा. देव/एसबीएम/24/2517 दिनांक :- 20.11.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भारत सरकार एव राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार नगर पालिका देवगढ क्षेत्र के वार्ड 1 से 25 को खुले में शौच मुक्त करने की कारवाई करते हुये नगर पालिका में सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया गया है जो कि पूर्णता क्रियाशील है अत: सर्वधारण से अपील की जाती है कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए खुले मे शौच व पेशाब ना करे यदि कोई व्यक्ति खुले में शौच एव पेशाब करते हुये पाया जाता है तो उस के खिलाफ नियम के अनुसार कार्यवाही कर जुर्माना राशि वसूल की जाएगी

राज.संवाद/सी/24/8121 अधिशाषी अधिकारी



**कार्यालय ग्राम पंचायत नेवज ( फ. )**
**पंचायत समिति फलासिया, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:ग्रा.पं.ने./2024-25/SPL दिनांक:20.11.2024

**ई निविदा सुचना-01/2024-25**

ग्राम पंचायत नेवज में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 25.11.2024 सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबधित समस्त विवरण एवं शर्ते विभागीय वेबसाईड http://sppp.rajasthan. gov.in व http://eproc.rajasthan. gov.in पर देखी जा सकती है।

TENDER ID - 2024_PRD- 431165_1

सरपंच, ग्राम पंचायत नेवज, प.स. फलासिया, जिला उदयपुर
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नेवज, प.स. फलासिया, जिला उदयपुर


## सलूम्बर उपचुनाव की मतगणना फतह स्कूल में 23 नवम्बर को

**उदयपुर,** (कासं)। विधानसभा उपचुनाव 2024 की मतगणना शनिवार 23 नवंबर को होगी। सलूंबर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना उदयपुर के राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरविंद पोसवाल के निर्देशन में गुरुवार को मतगणना दलों में नियुक्त गणन पर्यवेक्षक, गणन सहायक, माइक्रो ऑब्जर्वर, आरओ, एआरओं सहित व्यवस्थाओं में लगे कार्मिका का प्रशिक्षण नगर निगम के सुखाड़िया रगमंच में आयोजित हुआ। इस अवसर पर सलूंबर विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुण्डावत के साथ संबंधित एआरओ, नायब तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ. महामाया प्रसाद चौबीसा ने मतगणना दलों को पोस्टल बैलेट गणना व ईवीएम से वोटों की गिनती का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया और गणना के समय 17 सी के पार्ट 2 भरने संबंधी जानकारी दी गई। संबंधित अधिकारियों को परिचय पत्र के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मतगणना के दौरान नियुक्त अधिकारी-कार्मिकों के लिए मतगणना स्थल पर मोबाइल लाना वर्जित होगा।

# शोध व नवाचार को लेकर एमपीयूएटी व उत्तराखण्ड मुक्त विवि के बीच करार

**उदयपुर,** (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, उदयपुर के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि सौर ऊर्जा दोहन, पेटेन्ट्स, आईएसओ प्रमाणित लैब, आईएसओ प्रमाणित केवीके - कॉलेज, स्कूपस एच इंडेक्स, क्राप केफेटेरिया, सभी केवीके में मिलेट वाटिका विकसित करने जैसी दर्जनों गतिविधियां एमपीयूएटी को प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में शीर्ष पर रेखांकित करती है।

डॉ. कर्नाटक ने बुधवार को हल्द्वानी उत्तराखण्ड में कृषि वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुये यह बात कही। कार्यक्रम में राजस्थान के महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, उदयपुर एवं उत्तराखण्ड मुक्त विवि के बीच शोध व नवाचार को लेकर एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए जिसमें यह तय किया कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शोध व नए प्रयोगों का आदान-प्रदान होगा। इससे दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा। डॉ. कर्नाटक ने इस मौके पर विस्तारपूर्वक देश के कृषि परिदृश्य पर बात रखी और कहा कि बीजों से पैदावार बढाने को लेकर देशभर में बहुत काम हो रहा है, लेकिन कीटनाशकों के अधिक इस्तेमाल को हमें रोकना होगा। यही नहीं हमें हरित क्रांति के दुष्प्रभावों को देखना होगा और उसी के अनुरूप रणनीतियां बनानी होंगी। डॉ. कर्नाटक ने कहा कि एमपीयूएटी ने 14 से अधिक विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ करार किया हुआ है जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एमपीयूएटी ने वर्ष 2024 में 54 पेटेन्ट हासिल किए जबकि वर्ष 2025 में 25 पेटेन्ट संभावित है। एमपीयूएटी ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। एमपीयूएटी में सौर ऊर्जा से हर साल एक करोड़ रूपये से ज्यादा के बिजली बिल का खर्च बचाया जा रहा है। विवि के 5 महाविद्यालयों और एक विभाग को मिलाकर 1100किलोवॅाट (1.1 मेगावॅाट) का ऑन ग्रिड प्लान्ट लगा हुआ है। यह प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयो में लगा सबसे बडा प्लान्ट है। राजस्थान कृषि महाविद्यालय में 500 किलोवॅाट जबकि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 465 किलोवॅाट का प्लान्ट लगा है। डॉ. कर्नाटक ने कहा कि मोटा अनाज व

- डॉ. कर्नाटक ने कहा कि बीजों से पैदावार बढ़ाने को लेकर बहुत काम हो रहा है, लेकिन कीटनाशकों के अधिक इस्तेमाल को हमें रोकना होगा



शोध व नवाचार को लेकर एमपीयूएटी व उत्तराखण्ड मुक्त विवि के बीच करार हुआ।

आईएसओ के क्षेत्र में बेतहरीन कार्य के लिये उनके विवि को राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि देश की 65 फीसदी जनसंख्या आज भी सीधे तौर पर खेती से जुडी है ऐसे में कृषि के क्षेत्र में शोध एवं नवाचार की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने उश्रराखण्ड मुक्त विवि की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर आईसीटी व शिक्षार्थियों के लिए पाठ्य सामग्री बहुत अच्छी गुणवश्रा की तैयार की जा रही है जिसका लाभ निश्चय ही उनके विवि के विद्यार्थी ले पायेंगे। कार्यक्रम में उतराखण्ड मुक्त विवि के कार्यो को निरूपित करते हुये एक पी.पी.टी. प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि विवि के पूर्व कुलपति प्रो. होशियार सिंह धामी ने कहा कि इस तरह के करार से शिक्षार्थियों को एक बडा फलक मिल पायेगा जिससे उनके लिये रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।


**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-F.9 ( ) भू.रू./GEN /2024/414 दिनांक:24.10.2024

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम आयड की खसरा संख्या 1219 /1,1219/2 में स्थित भूखण्ड संख्या-04 कुलिया क्षेत्रफल 3654'.0 वर्गफीट है का जिसका कार्यालय उपखण्ड अधिकारी(कृषि भूमि रूपान्तरण) प्रथम / द्वितीय उदयपुर द्वारा पत्रावली संख्या 21/89 पट्टा नम्बर 578 दिनांक 24-09-1990 को श्री गजेन्द्रनाथ भट्ट पिता श्री पीयूषनाथ भट्ट के नाम पट्टा जारी किया गया। न्यास के नामान्तरण पत्र दिनांक 14-05-91 से श्री शान्तिलाल जैन पिता श्री भवंरलाल एवं श्रीमती वनमाला जैन पत्नी श्री शान्तिलाल जैन के नाम न्यास आलेखो में दर्ज है।

जिससे श्री शान्तिलाल जैन पिता श्री भवंरलाल का स्वर्गवास दिनांक 16-08-2019 एवं स्व. वनमाला जैन पत्नी स्व. शान्तिलाल जैन का स्वर्गवास दिनांक 02-02-1999 को स्वर्गवास हो गया। जिनके विधिक वारिसान श्रीमती सुमन टाया पत्नी श्री अजय टाया पिता स्व. श्री शान्तिलाल जैन माता स्व. श्रीमती वनमाला जैन, श्रीमती नीलम जैन पत्नी श्री सुभाष जैन पिता स्व. श्री. शान्तिलाल जैन माता स्व. श्रीमती वनमाला जैन, श्री मनीष जैन पिता स्व. शांतिलाल जैन माता स्व. वनमाला जैन, श्री अमित कुमार जैन पिता स्व. शांतिलाल जैन माता स्व. वनमाला जैन ही एक मात्र वारिसान है।

वारिसान श्रीमती सुमन टाया पत्नी श्री अजय टाया पिता स्व. श्री शान्तिलाल जैन माता स्व. श्रीमती वनमाला जैन, श्रीमती नीलम जैन पत्नी श्री सुभाष जैन पिता स्व. श्री शान्तिलाल जैन माता स्व. श्रीम्रती वनमाला जैन, श्री मनीष जैन पिता स्व. शांतिलाल जैन माता स्व. वनमाला जैन द्वारा अपने पुत्र/ भाई श्री अमित कुमार जैन पिता स्व. शांतिलाल जैन माता स्व. वनमाला जैन के पक्ष में पंजीकृत हक त्यागपत्र दिनांक 15-07-2024 को हक त्याग सम्पादित कर दिया गया है।

श्री अमित कुमार जैन पिता स्व. शांतिलाल जैन माता स्व. वनमाला जैन द्वारा उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर में मृत्यु प्रमाण पत्र, सजरा, हक त्याग पत्र एवं शपथ पत्र आदि प्रस्तुत कर उक्त वर्णित भूखण्ड संख्या 04 का उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर में अपने नाम नामान्तरण चाहा गया है।

उक्त राजस्व ग्राम आयड की खसरा संख्या 1219/1,1219/2 में स्थित भूखण्ड सख्या-04 कुलिया क्षैत्रफल 3654'.0 वर्गफीट का श्री अमित कुमार जैन पिता स्व. शांतिलाल जैन माता स्व. वनमाला जैन, निवासी 816, शान्ति वन, केशवनगर जैन, मन्दिर के सामने, विश्वविद्यालय मार्ग, उदयपुर (रांज.) के नाम नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ संस्था / फर्म को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / एतराज हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं सबंधित शाखा प्रभारी को भी सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मयाद नियमानुसार नामान्तरण की अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

( डॉ.अभिनव शर्मा )
प्राधिकृत अधिकारी,उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

